गर्मी में पेयजल संकट से निपटने निगम तैयार हर वार्ड में टैंकर से होगी जलापूर्ति : महापौर

शहर के हर वार्ड में पहुंचेगा पानी का टैंकर, जल संकट से निपटने निगम ने बनाई व्यापक कार्ययोजना: 50 नहीं, अब 75 नए बोरवेल से मजबूत होगी पेयजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर में इस वर्ष कम वर्षा के चलते उत्पन्न हो रही पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए आज नगर पालिक निगम के सभाकक्ष में एक अति महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, निगम महापौर श्री विक्रम सिंह अहके, श्री विजय पांडे, श्री रोहित पोपली, निगम आयुक्त श्री चंद्र प्रकाश राय सहित समस्त सभापतिगण, पार्षदगण, एल्डरमैन एवं निगम के संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सामने आ रही पेयजल समस्याओं, जलापूर्ति व्यवस्था और आगामी गर्मी के मौसम में संभावित जल संकट से निपटने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों की व्यावहारिक



समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके स्थायी एवं त्वरित निराकरण हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि पानी की गंभीर समस्या का समाधान आपसी सामंजस्य से ही संभव होगा, इसलिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समन्वय से बनाई गई कार्ययोजना पर प्रभावी ढंग से अमल किया जाए।

हर वार्ड के लिए सेपरेट टैंकर, 25 नए टैंकर किराए पर लिए जाएंगे

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को राहत देने के लिए पृथक (सेपरेट) पानी का टैंकर तैनात किया जाएगा। जल संकट से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए 25 नए टैंकर गाड़ी सहित किराए पर लेने की स्वीकृति दी गई। महापौर श्री विक्रम सिंह अहके ने निर्देश दिए कि टैंकरों के माध्यम से पानी के वितरण में डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और इसके नियमित संचालन हेतु पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी।

50 नहीं, अब खुदेंगे 75 नए बोरवेल

पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर 50 नए बोरवेल कराने की टेंडर प्रक्रिया प्रस्तावित थी। सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने शहर की बढ़ती आवश्यकता और संभावित पेयजल संकट को देखते हुए बोरवेल की संख्या 50 से बढ़ाकर 75 नए बोरवेल करने के कड़े निर्देश दिए, ताकि जल किल्लत से प्रभावित अधिक से अधिक क्षेत्रों में त्वरित राहत पहुंचाई जा सके।

अमृत 2.0 योजना एवं जिओ मिलर फर्म पर सख्ती के निर्देश

बैठक में पाइपलाइनों के लीकेज को तत्काल दुरुस्त करने और अवैध नल कनेक्शनों को सख्ती से हटाने के कड़े निर्देश दिए गए। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पाइपलाइन कार्य में लगे संवेदक/फर्म जिओ मिलर के कामकाज पर सख्त नाराजगी जताते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय को निर्देशित किया गया कि वे अमृत 2.0 योजना की विस्तृत समीक्षा करें तथा जिन 32 वार्डों में इस योजना का कार्य होना है, वहाँ के संबंधित पार्षदों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक कर प्रगति रिपोर्ट तैयार करें। इसके साथ ही शहर के पुराने कुओं, बोरवेल और जलापूर्ति के सभी प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, निराकरण के निर्देश

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के 12वें शुक्रवार को कलेक्टर ने जमुनिया पहुंचकर किया शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं के समाधान और लोक सेवाओं की सुगमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत आज अभियान के 12वें शुक्रवार को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन जिला अधिकारियों की टीम के साथ विकासखंड छिंदवाड़ा की ग्राम पंचायत जमुनिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शासकीय संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात कलेक्टर श्री नारायन ने छिन्दवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के साथ माध्यमिक शाला जमुनिया भवन में आयोजित खंड स्तरीय जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर में सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए।

शासकीय उद्यान रोपणी जमुनिया का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने शासकीय उद्यान रोपणी जमुनिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रोपणी में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का अवलोकन किया तथा पौधारोपण भी किया। उन्होंने रोपणी में उपलब्ध पौधों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम छिंदवाड़ा श्री पुष्पेन्द्र निगम एवं उपसंचालक उद्यानिकी श्री एम.एल. उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस की भंडारण क्षमता की ली जानकारी

कलेक्टर श्री नारायन ने ग्राम जमुनिया स्थित सीडब्ल्यूसी वेयरहाउस का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की भंडारण क्षमता और वर्तमान में भंडारित गेहूं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वेयरहाउस की कुल भंडारण क्षमता 52 हजार 500 मीट्रिक टन है तथा वर्तमान में लगभग 25 हजार मीट्रिक टन भंडारण क्षमता शेष है।

नरवाई जलाने वालों पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

नरवाई प्रबंधन को लेकर कलेक्टर ने ली कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत ग्राम जमुनिया में आयोजित जनसंवाद एवं जनसमस्या निवारण शिविर के पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हरेंद्र नारायन ने नरवाई प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित कर जिले के कंबाइन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने फसल अवशेष प्रबंधन, नरवाई जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। कंबाइन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा



स्ट्रॉ रीपर का उपयोग करें - कलेक्टर श्री नारायन ने हार्वेस्टर संचालकों को निर्देशित किया कि जिले में फसल कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) अथवा स्ट्रॉ रीपर का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए।

बिना एसएमएस अथवा स्ट्रॉ रीपर के फसल कटाई नहीं की जाए। साथ ही हार्वेस्टर संचालक किसानों को भी फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए जागरूक करें। उन्होंने किसानों को नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी अन्य कृषि यंत्रों जैसे सुपर सीडर, बेलर एवं मल्चर आदि के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

किसानों की मेहनत से आज मक्का उत्पादन में देश में नंबर वन है छिन्दवाड़ा : सांसद

छिन्दवाड़ा। किसानों की मेहनत का नतीजा है कि आज छिन्दवाड़ा जिला मध्यप्रदेष ही नहीं संपूर्ण देष में मक्का उत्पादन में नंबर वन के स्थान पर है। जिले के किसान जैविक उत्पादन में भी निरंतर अग्रणी कार्य कर रहे है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का ही नतीजा है कि जिले सहित देष भर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से करोड़ों रूपयें प्रतिमाह मिल रहे है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्ट्रेड कार्यालय छिन्दवाड़ा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24 वीं किस्त जारी करने के अवसर पर कही। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि छिंदवाड़ा जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से 46.03 करोड़ रुपये 24वीं किस्त के तौर पर मिले है।

खेल मैदान और मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों का आमरण अनशन

तहसीलदार के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित, 28 अक्टूबर से वार्डवासियों ने शुरू की थी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने और 60 साल पुरानी सड़क खुलवाने की प्रमुख मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

विकासखंड जुन्नारदेव अंतर्गत ग्राम पंचायत पनारा के वार्ड क्रमांक 17, 18, 19 एवं 20 के रहवासियों ने क्षेत्र की लंबे समय से लंबित बुनियादी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर 28 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की थी।

ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए कहा कि क्षेत्र में पेयजल, सड़क और खेल मैदान जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

आंदोलनकारियों की प्रमुख मांग नवीन कन्या हाई स्कूल डुंगरिया (पनारा) के सामने स्थित पारंपरिक खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराने, लगभग 60 वर्ष पुरानी सड़क को पुनः चालू कराने तथा पेयजल एवं सड़क संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान करने की रही।

आंदोलन की जानकारी मिलने पर तहसीलदार ज्योति थोक धरना स्थल पहुंचीं और ग्रामीणों से चर्चा कर खेल मैदान एवं सड़क से संबंधित भूमि की नियमानुसार नाप कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच में अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है।



खेल मैदान पर कब्जे का आरोप, बच्चों के भविष्य का सवाल

आंदोलन की प्रमुख मांग नवीन कन्या हाई स्कूल डुंगरिया (पनारा) के सामने स्थित पारंपरिक खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त कराने की है। ग्रामीणों का आरोप है कि खेल मैदान पर फेंसिंग लगाकर कब्जा किया गया है, जिससे बच्चों और युवाओं की खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित भूमि की निष्पक्ष नाप कराई जाए तथा अतिक्रमण पाए जाने पर उसे हटाकर मैदान को पुनः खेल गतिविधियों के लिए विकसित किया जाए।

60 साल पुरानी सड़क बंद होने से आवागमन प्रभावित

डुंगरिया नंबर-08 स्थित चीफ हाउस तक आवागमन के लिए उपयोग होने वाली लगभग 60 वर्ष पुरानी सड़क बंद किए जाने का मुद्दा भी आंदोलन में प्रमुखता से उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पुराने मार्ग के बंद होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने संबंधित सड़क की भूमि की जांच कराकर रास्ता पुनः खुलवाने और उसका नए सिरे से निर्माण कराने की मांग की है।

पेयजल, सड़क और भूमि विवादों के निराकरण की मांग

वार्ड क्रमांक 17, 18, 19 एवं 20 के रहवासियों ने क्षेत्र में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने, शुद्ध पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कराने की मांग उठाई। इसके साथ ही भूमि से जुड़े विवादों और कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराकर समस्याओं का निराकरण करने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी गई।

तहसीलदार के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित

ग्रामीणों के आंदोलन की जानकारी मिलने पर तहसीलदार ज्योति थोक धरना स्थल पहुंचीं। उन्होंने आंदोलनकारियों से चर्चा करते हुए खेल मैदान एवं सड़क से संबंधित भूमि की उचित नाप कराने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि नाप के दौरान यदि कहीं अतिक्रमण पाया जाता है तो नियमानुसार उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन द्वारा समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की जाती और उनकी मांगों का निराकरण नहीं होता है तो वे पुनः आंदोलन शुरू करेंगे। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

दीपावली की तैयारी शुरू, मूर्तिकारों के हाथों आकार ले रहीं माता लक्ष्मी की आकर्षक प्रतिमाएं

पिछले वर्ष की मांग को देखते हुए इस बार अधिक प्रतिमाओं का हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख त्योहार दीपावली को लेकर बाजारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। दीपावली के आगमन से पहले ही स्थानीय मूर्तिकार माता लक्ष्मी की आकर्षक और मनमोहक प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

मूर्तिकारों के हाथों मिट्टी और अन्य सामग्री से माता लक्ष्मी की सुंदर प्रतिमाएं आकार ले रही हैं। त्योहार को देखते हुए मूर्तिकारों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

दीपावली के अवसर पर धन की देवी माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना का विशेष धार्मिक



महत्व होता है। इसी परंपरा के चलते हर वर्ष दीपावली पर घरों, प्रतिष्ठानों और दुकानों में विधि-विधान से माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन किया जाता है। यही वजह है कि दीपावली से पहले मूर्तियों की मांग बढ़ने लगती है।

स्थानीय मूर्तिकार चमन मालवीय ने बताया कि पिछले वर्ष प्रतिमाओं की अच्छी मांग रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार पहले से अधिक संख्या में माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। प्रतिवर्ष सैकड़ों की संख्या में प्रतिमाओं की बिक्री होती है। इस बार भी अच्छी मांग की उम्मीद है।

उन्होंने बताया कि ग्राहकों की रुचि और पसंद के अनुसार अलग-अलग आकर्षक स्वरूपों में प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। प्रतिमाओं को सुंदर रंगों और सजावट से विशेष रूप दिया जा रहा है। धनतेरस के पूर्व इन प्रतिमाओं का विक्रय प्रारंभ कर दिया जाएगा। दीपावली नजदीक आते ही मूर्तियों की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ बढ़ने की संभावना है।

बिना अनुमति 25 साल से निकाले जा रहे थे कॉर्निया SOTTO की जांच में खुलीं गंभीर अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के परासिया स्थित लायंस आई हॉस्पिटल में नेत्रदान के नाम पर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि संस्था द्वारा पिछले 25 वर्षों से बिना वैधानिक पंजीयन और निर्धारित शासकीय मापदंडों का पालन किए मृत व्यक्तियों के कॉर्निया निकाले जा रहे थे। मामले की जांच में मध्यप्रदेश राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (SOTTO) ने भी नियमों के उल्लंघन की पुष्टि की है।

मामले का खुलासा वर्ष 2016 में स्व. अशोक चौरसिया के नेत्रदान के बाद परिजनों को प्रत्यारोपण संबंधी जानकारी नहीं मिलने पर शुरू हुई पड़ताल से हुआ। इसके बाद सूचना के अधिकार के तहत दस्तावेज



जुटाए गए और विभिन्न शासकीय विभागों में शिकायतें की गईं।

प्रधानमंत्री कार्यालय में दर्ज शिकायत के बाद छिंदवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (CIMS) की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने जांच कर अनियमितताओं की पुष्टि की। वहीं SOTTO ने अपने पत्रों के माध्यम से संस्था को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही NOTTO में पंजीयन और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना कॉर्निया उत्सर्जन नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

इधर, CMHO छिंदवाड़ा ने RTI के जवाब में स्पष्ट किया है कि अस्पताल का अंग एवं ऊतक उत्सर्जन संबंधी कोई वैधानिक पंजीयन विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। समाजसेवी एवं आरटीआई कार्यकर्ता रिंकू रितेश चौरसिया ने बताया कि मामले के दस्तावेज विभिन्न विभागों को सौंपे जा चुके हैं। प्रशासनिक कार्रवाई में देरी के चलते अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ में जनहित याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन का पक्ष सामने आने पर उसे भी शामिल किया जाना चाहिए।

अपनी मनमानी करते हुए सचिवों के स्थानांतरण और लाखों के गोलमाल के लग रहे आरोप

जनपद अध्यक्ष ने लोकायुक्त में की कई गंभीर शिकायतें, सौंपे पुख्ता साक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

आदिवासी विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव में अधिकारी और पंचायत में पदस्थ सचिव मिलकर लाखों करोड़ों के भ्रष्टाचार कर रहे हैं। शासन के पैसे का भारी दुरुपयोग करते हुए अपनी जेब भरी जा रही है लगातार शिकवा शिकायत के बाद भी इन पर कार्रवाई का ना होना प्रशासनिक तंत्र की पोल खोल रहा है जहां पर भ्रष्टाचारी लगातार भ्रष्टाचार करने के बाद भी अपने आप को साफ छवि का बताते हैं।

जुन्नारदेव जनपद पंचायत में भी आने को पंचायत में भारी भ्रष्टाचार और अनियमितता प्रशासनिक अधिकारियों और सचिवों की मिली भगत से की जा रही है इसके विरोध में अब जनपद



पंचायत अध्यक्ष मोर्चा खोल चुकी है।जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अंतर्गत प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता अशोक भोसम ने आक्रामक रुख अपनाते हुए लोकायुक्त संगठन विशेष पुलिस स्थापना, जबलपुर में कई गंभीर और बहुआयामी शिकायतें दर्ज कराई हैं। अध्यक्ष महोदया ने मामले से जुड़े तमाम अकाट्य साक्ष्य और दस्तावेज लोकायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत किए हैं। शिकायत में मुख्य रूप से प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान और सचिव संजीव कुमार सूर्यवंशी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर किए गए वित्तीय घोटालों, अवैध प्रभार वितरण और प्रशासनिक तानाशाही को उजागर किया गया है।

लोकायुक्त में दर्ज की गई मुख्य शिकायतें एवं अधिकार क्षेत्र का घोर उल्लंघन

मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राजपत्र, दिनांक 29 मार्च 2011 की कंडिका-12 के अनुसार, पंचायत सचिव का पद रिक्त होने पर अतिरिक्त प्रभार केवल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के आदेश और जनपद पंचायत की अनुशंसा पर ही दिया जा सकता है। इसके विपरीत, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान ने बिना किसी जिला स्तरीय अनुमोदन के अपने स्तर पर मनमाने और अधिकार-विहीन आदेश जारी किए।

शृंखलाबद्ध अवैध प्रभार और वेतन की धांधली

प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान ने अपने कार्यकाल में धड़ल्ले से अवैध प्रभार बांटे—जैसे सचिव संजीव सूर्यवंशी को मनकूघाटी से तराई भेजना, प्रेमलाल को मनकूघाटी का प्रभार देना, महेश इवनाती को दातलावादी का अतिरिक्त प्रभार देना और अनिता मरकाम को खैरमंडल भेजना। साथ ही, वित्तीय हेराफेरी के लिए कार्य दूसरी पंचायत में लेकर वेतन मूल पंचायतों से आहरित करने की व्यवस्था बनाई गई।

कूटरचित DSC मैपिंग और 27.30 लाख का गबन

अनाधिकृत प्रभार अवधि के दौरान, तराई पंचायत के वैध सचिव की डिजिटल सिग्नेचर (DSC) को अवैध रूप से बंद कराकर आरोपी सचिव संजीव सूर्यवंशी की DSC पोर्टल पर मैप कराई गई और जिला पंचायत छिन्दवाड़ा की मदद से सत्यापित कराई गई। इसके माध्यम से पंचायत दर्पण (e-PO) और मनरेगा पोर्टल फर्जीवाड़े के जरिए कुल 27,30,000/- की शासकीय राशि का भारी गबन किया गया। शिकायत में यह भी प्रमुखता से उठाया गया कि जब घोटालों की पोल खुलने लगी, तो प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान ने स्वयं पत्र क्रमांक 723, दिनांक 13.06.2024 जारी कर अपने सभी पूर्व अवैध प्रभार आदेशों को निरस्त कर दिया।

पेयजल संकट से निपटने के लिए 6.56 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित

सांसद बंटी साहू की अध्यक्षता में 'दिशा' समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा



सांसद विवेक बंटी साहू की अध्यक्षता में 29 अक्टूबर को पांढुर्णा में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों, पेयजल उपलब्धता, जल संरक्षण, विद्युत व्यवस्था, स्वामित्व योजना, सड़क मरम्मत तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, अपर कलेक्टर ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पेयजल संकट से निपटने के लिए ठोस कार्ययोजना

बैठक का मुख्य केंद्र आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट से निपटना रहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना के तहत सौंसर और पांढुर्णा विकासखंड की 277 प्रभावित बसाहटों में पेयजल संकट निवारण के लिए लगभग 6.56 करोड़ रुपये के कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें सौंसर के लिए 271.08 लाख और पांढुर्णा के लिए 385.56 लाख रुपये की लागत निर्धारित की गई है। इन कार्यों में 500 हैंडपंपों में राइजर पाइप व तार बढ़ाना, 110 नवीन हैंडपंपों का खनन, 85 हैंडपंपों में विद्युत मोटर पंप स्थापित करना, 25 नलकूपों की सफाई और 103 नलकूपों के माध्यम से बंद नल-जल योजनाओं को पुनः चालू करना शामिल है।

जल संरक्षण एवं अवैध गतिविधियों पर सख्ती

सांसद साहू ने कम वर्षा को देखते हुए जल संरक्षण पर विशेष जोर दिया और नागरिकों को पानी बचाने के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल स्रोतों से अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी निकालने वालों पर कड़ी निगरानी रखने और नियमों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा, विद्युत विभाग को बिजली आपूर्ति की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने तथा विद्युत चोरी पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए।

सड़क मरम्मत और अन्य जनहित के मुद्दे

लोक निर्माण विभाग को जिले की जर्जर सड़कों की प्राथमिकता से मरम्मत कराने और मोही घाट की स्थिति का विशेष ध्यान रखते हुए आवागमन को सुगम व सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए गए। सांसद ने मोहगांव क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं का विस्तृत आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नागरिकों की कठिनाइयों का समयबद्ध निराकरण करने को कहा। कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस अधिकारियों को गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सतर्क दृष्टि रखते हुए कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अंत में सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी गई।

एसपी कार्यालय में हुआ आईआरएडी एवं ईडीएआर का प्रशिक्षण

पांढुर्णा। स्थानीय पुलिस कार्यालय के मीटिंग हॉल में शुक्रवार आज 30 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक विदिता डागर की विशेष उपस्थिति में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों को सड़क दुर्घटना से संबंधित डिजिटल प्रणालियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से अद्यतन करना तथा दुर्घटना प्रकरणों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण में पांढुर्णा, मोहगांव, सौसर और लोधीखेड़ा के थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक स्नेहा घोरमारे, विवेचक, सीसीटीएनएस ऑपरेटर और मदद्गार सहित अन्य पुलिस कर्मचारी शामिल हुए। जिला डीआरएम अधिकारी सुधीर ठाकरे ने उपस्थित बल को पीएम राहत योजना, कैशलेस स्कीम के साथ-साथ आई आर ए डी एवं ईडीएआर पोर्टल के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आई आर ए डी (इंटीग्रेटेड रोड ऐक्सिडेंट डेटाबेस) ऐसी डिजिटल प्रणाली है।

नगर विकास के लिए पीआईसी बैठक में लिए गए अहम निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर परिषद न्यूटन चिखली की प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की बैठक में नगर के विकास कार्यों , पेयजल व्यवस्था , कर्मचारियों के हितों एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार - विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए । नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रद्धा मेरावी , उपाध्यक्ष संतलाल यादव , सभापति , नीरू अजय चंदेल , अर्चना राजेश डेहरिया , कविता यदुवंशी , रेखा डेहरिया , शेख वशीम और निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे ।

बैठक में नगर परिषद के कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से आउटसोर्स के माध्यम से कार्य कराए जाने के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया । साथ ही नगर परिषद की दुकानों को किराये पर दिए जाने के संबंध में भी विचार - विमर्श कर निर्णय लिया गया । जिससे निकाय की आय में वृद्धि हो सके । कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी को वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया ।

इसके साथ ही विधायक निधि से स्वीकृत रंगमंच निर्माण कार्य हेतु प्राप्त निविदा दरों पर विचार - विमर्श कर नियमानुसार आवश्यक निर्णय लिए गए ।बैठक में लिए गए इन निर्णयों का उद्देश्य नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना , पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाना , विकास कार्यों को गति देना तथा निकाय के कर्मचारियों के हितों का संरक्षण करना है ।

जामलापानी के 21 आदिवासी ग्रामीण 6 साल बाद बहुचर्चित मामले में बाइज्जत बरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

अतिरिक्त सत्र एवं जिला न्यायालय सौंसर ने एक बहुचर्चित मामले में शुक्रवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए ग्राम जामलापानी के सभी 21 आदिवासी ग्रामीणों को साक्ष्य के अभाव और निष्पक्ष सुनवाई के बाद बइज्जत बरी कर दिया है। अदालत के इस न्यायपूर्ण फैसले से ग्रामीणों को 6 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार बड़ी राहत और न्याय मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामलापानी के इन 21 आदिवासी ग्रामीणों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता आईपीसी की गंभीर धाराओं जैसे 307 (हत्या का प्रयास), 353, 332, 147, 148 एवं 149 के तहत मामला दर्ज किया गया था। यह पूरा प्रकरण पिछले 6 वर्षों से लगातार न्यायालय में विचाराधीन था, जिससे ग्रामीण लंबे समय से मानसिक और कानूनी परेशानियों का सामना कर रहे थे। सुनवाई के दौरान अभियुक्तों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती सपना झुनझुनवाला, नपा सौसर सभापति एड रवि शंकर धुर्वे, दिनेश भकने, अनिल पराडकर, सूर्यकांत ढोके एवं मनोज इरपाची ने अदालत में बेहद मजबूती के साथ पक्ष रखा। वकीलों ने ठोस तर्कों और साक्ष्यों के जरिए यह साबित किया कि ग्रामीणों पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के पश्चात न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के आरोपों को पूरी तरह निराधार पाया। इसके बाद अदालत ने सभी 21 अभियुक्तों को दोषमुक्त करने का सराहनीय फैसला सुनाया। इस ऐतिहासिक निर्णय के आने से ग्रामीणों और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है तथा क्षेत्र में न्याय की जीत का माहौल है।

मक्का अवैध परिवहन पर उड़नदस्ता की कार्रवाई



पांढुर्णा। कल 29 अक्टूबर को भारसाधक अधिकारी प्रेक्षा पाठक एवं मंडी सचिव सुरज उइके के मार्गदर्शन में कृषि उपज मंडी समिति पांढुरना के उड़नदस्ता दल ने मंडी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक आरजे 27 जी ई 9797 को मक्के का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा। इस वाहन में 300 क्विंटल मक्का मिला जिसे अवैध रूप से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। मंडी समिति द्वारा इस मामले में जयकुमार निवासी मौरा (शाहपुर) जिला बैतुल पर कुल 70,020.00/_ (सत्तर हजार बीस रूपये) जुर्माना वसूल किया गया जिसमें सुरज उइके सचिव, अनिल कुमार मर्सकोले मंडी निरीक्षक, सुरेंद्र कुमार इड़पाचे उप निरीक्षक तथा आलोक नागवंशी उप निरीक्षक के द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर अधिरोपित राशि वसूल की गई ।



स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लहराया परचम

सौंसर। हाल ही में राष्ट्रीय बाल विज्ञान की सामान्य ज्ञान और विज्ञान प्रतियोगिता में मंसाली विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ₹विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार₹ विषय पर इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने विभिन्न चरणों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया,प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के सक्षम सोमकुवर और कु. हिमांशी ढगे ने कड़े मुकाबले और अनेक विद्यालयों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें भव्य समारोह में प्रमाण-पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर प्रस्तुति में कक्षा आठवीं की कु. हिमांशी देशमुख और कु. दीपल रिधोरे ने पोस्टर के माध्यम से 'जल संरक्षण' जैसे गंभीर विषय पर अपने अनूठे विचार प्रस्तुत किए, विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता के पीछे सुश्री श्रद्धा धोटे और सुश्री मीना सोलंकी का उत्कृष्ट मार्गदर्शन रहा, जिन्होंने बच्चों को प्रतियोगिता के लिए पूरी लगन से तैयार किया। उनके समर्पित प्रयासों के लिए उन्हें मार्गदर्शक शिक्षक प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।

भाजपा एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सनेसर का हुआ स्वागत



सौंसर। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, सौसर मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सनेसर को नई जिम्मेदारी मिलने पर सौसर में हर्षोल्लास का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़ के निवास स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत-सत्कार किया।समारोह के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, आदिवासी नेता मोरेश्वर मर्सकोले, नगर पालिका परिषद सौसर के सभापति एड, रविशंकर धुर्वे, जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेमराज सोनेकर आदि ने नवनियुक्त अध्यक्ष को पुष्पहार पहनाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान वक्ताओं ने विश्वास जताया कि श्री सनेसर के नेतृत्व, सांगठनिक क्षमता और समर्पण से अनुसूचित जाति मोर्चा संगठन को मंडल स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही, पार्टी की विचारधारा और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में उनका यह कार्यकाल बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका यह नया कार्यकाल पूरी तरह सफल, ऊर्जावान और उपलब्धियों से परिपूर्ण रहेगा।

कृषि महाविद्यालय मुरझड़ के वैज्ञानिकों ने कृषक प्रशिक्षण, व्यक्तिगत कृषक भ्रमण व गतिविधियों की निगरानी की

वारासिवनी। कृषि महाविद्यालय मुरझड़ फार्म वारासिवनी बालाघाट द्वारा सीएसआर के अंतर्गत हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मलाजखंड के सहयोग से संचालित विभिन्न परियोजनाओं के तहत 26 अक्टूबर 2026 को ग्राम भंडारपुर एवं ग्राम छिंदीटोला में कृषक प्रशिक्षण, व्यक्तिगत कृषक भ्रमण एवं गतिविधियों की निगरानी की गई। ग्राम भंडारपुर में मखाना उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन के माध्यम से कृषक सशक्तिकरण परियोजना के अंतर्गत मखाना उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 55 किसानों ने भाग लिया।

4 करोड़ रुपयों की लागत से बनने वाली सी सी सड़क का भूमिपूजन कार्य सम्पन्न

मैं अपने कार्यकाल में क्या-क्या विकास कार्य करवा रहा हूं, जनता को दिखाई दे रहा- विधायक विवेक पटेल



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम पंचायत साकड़ी में लगभग 4 करोड़ रुपयों की लागत से बनने वाली साकड़ी, पांचोटोला से डांगोरलीघाट तक 2 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी सीसी सडक़ का क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सडक़ निर्माण व विकास कार्यों की सौगात मिलने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में पहुंचते ही ग्रामीणों ने विधायक विवेक पटेल का ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद विधायक विवेक पटेल ने कुदाली मारकर भूमिपूजन कार्य सम्पन्न किया। इस दौरान पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, वारासिवनी ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील राणा, खैरलॉजी ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष तेजराम नगपुरे, खैरलांजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य ऋषि मधु शुक्ला, खैरलॉजी ब्लांक कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, सुदेश गुड्डू सोनी, राजकुमार चौधरी, संदेश बिसेन, अशोक लिल्हारे, अनिल उइके, गंगाराम मरठे, मनोज हेड़ाऊ, पार्षद मोनू लिमजे, मिलिंद नगपुरे, रिंकू चापुकर, अजीत नगपुरे, धनीराम डहाके, राही पांडे, रवि पंचेश्वर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मैं जब वारासिवनी नगरपालिका अध्यक्ष था। मुझे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अच्छे कामों के लिए सम्मानित किया था। सरकार किसी भी पार्टी की हो। काम करने की मंशा होनी चाहिए। मैं जब भी भोपाल जाता हूँ। विभागीय मंत्री से मिलकर काम लाता ही हूँ। ये सब आपके आशीर्वाद से हो रहा है। ग्राम साकड़ी से पांचोटोला सडक़ बनने के बाद क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होने के साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

वनांचल के पांच नक्सल प्रभावित गांवों में पहुंची प्रशासनिक टीम



14 दिवसीय विशेष निरीक्षण अभियान के तहत बगड़ी, पांडरी, कादला, खराड़ी और सीतापाला में अधिकारियों ने ग्रामीणों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज लांजी। आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित वनांचल क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को समझने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा 14 दिवसीय विशेष ग्राम भ्रमण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 30 अक्टूबर 2026 को जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत आने वाले पांच नक्सल प्रभावित ग्राम बगड़ी, पांडरी, कादला, खराड़ी एवं सीतापाला में प्रशासनिक टीम पहुंची। इस दौरान एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की लांजी टीम ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और गांवों में संचालित विकास एवं आजीविका संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया।साथ ही गांवों में उपलब्ध संसाधनों, स्थानीय जरूरतों और रोजगार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए स्वरोजगार की गतिविधियों का चिन्हांकन किया गया। अधिकारियों ने विशेष रूप से आदिवासी बैगा समाज के परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर विकसित करने पर जोर दिया।

स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर: ग्रामों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी ली गई। समूहों को प्राप्त आरएफ राशि, सीआईएफ एवं सीसीएल की स्थिति तथा इन वित्तीय संसाधनों के माध्यम से संचालित व्यवसायों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने समूह सदस्यों द्वारा संचालित किराना दुकान, बकरी पालन, मुर्गी पालन सहित अन्य आजीविका गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।इसके साथ ही वनोपज पर निर्भर परिवारों की आय बढ़ाने के लिए वन आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें बाजार से जोड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

ग्राम बगड़ी में कड़कनाथ और देशी मुर्गी पालन का दिया सुझाव: ग्राम बगड़ी में प्रशासनिक टीम ने आजीविका स्व-सहायता समूह की महिलाओं (आजीविका दीदियों) से विशेष चर्चा की। इस दौरान एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी ने महिलाओं को कड़कनाथ एवं देशी मुर्गी पालन की गतिविधि अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वनांचल क्षेत्र में मुर्गी पालन स्वरोजगार का अच्छा माध्यम बन सकता है। यदि अधिक से अधिक महिलाएं संगठित होकर इस व्यवसाय को अपनाती हैं और बड़े बाजारों से संपर्क स्थापित करती हैं, तो उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सकता है तथा परिवारों की आमदनी में वृद्धि हो सकती है।एसडीएम ने महिलाओं को केवल छोटे स्तर पर गतिविधि संचालित करने तक सीमित न रहकर इसे व्यवस्थित व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित भी किया।

सड़क समस्या का उठा मुद्दा, ऑटो व्यवसाय पर भी चर्चा: ग्राम पांडरी में ग्रामीणों ने सड़क मार्ग की परेशानी से अधिकारियों को अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित सिंघई ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा।उन्होंने मुद्रा लोन के माध्यम से ऑटो खरीदकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। चर्चा के दौरान ग्राम के एक युवक ने ऑटो खरीदकर स्वयं ऑटो चलाने की इच्छा भी व्यक्त की। अधिकारियों ने उसे स्वरोजगार की इस पहल के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

पशुपालन, बकरी पालन और मुर्गी पालन से बढ़ेगी ग्रामीणों की आमदनी: प्रशासनिक भ्रमण के दौरान पांचों गांवों में ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन तथा अन्य स्थानीय स्वरोजगार गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि वनांचल क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों और ग्रामीण परिवारों की पारंपरिक आजीविका को ध्यान में रखते हुए ऐसी गतिविधियों का चयन किया जाना चाहिए, जिनसे परिवारों को नियमित आमदनी प्राप्त हो सके।

अधिकारियों-कर्मचारियों को समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश: भ्रमण के दौरान एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों, मांगों और चिन्हित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए। केवल समस्याएं सुनकर लौटना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके निराकरण की जिम्मेदारी भी संबंधित विभागों को निभानी होगी।14 दिवसीय विशेष वनांचल ग्राम भ्रमण अभियान के माध्यम से प्रशासन की टीम गांव-गांव पहुंचकर आदिवासी एवं बैगा समाज के परिवारों की मूलभूत सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, बिजली, आजीविका और अन्य आवश्यकताओं का जायजा ले रही है।

199.86 लाख रुपये की लागत से बम्हनवाड़ा-कादला मार्ग के तारफाटा नाले पर बना स्लैब कल्वर्ट

दीपावली पर मजदूरों के घरों में अंधेरा, निर्माण कार्य पूरा फिर भी ठेकेदार को नहीं मिला भुगतान



हरिभूमि न्यूज लांजी। दीपावली का त्योहार नजदीक है। हर घर में दीप जलाने और खुशियां मनाने की तैयारियां चल रही हैं, लेकिन निर्माण कार्य में दिन-रात मेहनत करने वाले मजदूरों के सामने इस बार दीपावली मनाने का संकट खड़ा हो गया है। वजह है उनकी मेहनत का भुगतान नहीं होना। निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद ठेकेदार को अब तक भुगतान नहीं मिला है, जिसके चलते कार्य में लगे मजदूरों की मजदूरी भी बकाया बताई जा रही है।मामला बम्हनवाड़ा से कादला मार्ग पर तारफाटा नाले में निर्मित स्लैब कल्वर्ट का है। ग्राम कादला, ग्राम पंचायत खांडेफरी अंतर्गत स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस योजना के तहत इस पुलिया का निर्माण कराया गया है। कार्य की कुल लागत 199.86 लाख रुपये बताई गई है। निर्माण कार्य मनु सुमन इंफ्रा बालाघाट द्वारा कराया गया है। बताया जा रहा है कि पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद ठेकेदार को अब तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है।

मजदूरों की मेहनत का पैसा अटका, दीपावली की खुशियों पर संकट: निर्माण कार्य में लगे मजदूरों द्वारा भुगतान नहीं होने की शिकायत की गई है। मजदूरों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य में अपनी मेहनत और समय दिया, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी उन्हें उनकी मजदूरी नहीं मिल पाई है। दीपावली जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के ठीक पहले मजदूरी का भुगतान नहीं होना उनके लिए बड़ी परेशानी बन गया है। जिन परिवारों को अपनी मेहनत की कमाई से त्योहार की खरीदारी करनी थी, वे अब भुगतान मिलने की राह देख रहे हैं।

वनांचल गांवों के प्रशासनिक दौरे के दौरान एसडीएम से लगाई गुहार: इसी बीच क्षेत्र के वनांचल गांवों में चल रहे 14 दिवसीय प्रशासनिक निरीक्षण अभियान के दौरान मजदूरों ने लांजी एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी के समक्ष अपनी समस्या रखी। मजदूरों ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद ठेकेदार को भुगतान नहीं मिला है और इसके चलते उनकी मजदूरी भी अटकी हुई है। दीपावली नजदीक होने के कारण मजदूरों ने जल्द से जल्द भुगतान करवाने की मांग की।मजदूरों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम आदित्य नारायण तिवारी ने मौके पर ही आरईएस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) के एसडीओ श्री परते को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य से संबंधित भुगतान की स्थिति की जानकारी लेकर ठेकेदार एवं मजदूरों का बकाया पैसा जल्द से जल्द दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

ठेकेदार का दावा- आज तक नहीं मिला एक रुपया: निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार का कहना है कि कार्य पूर्ण होने के बावजूद आज दिनांक तक उन्हें एक रुपये का भी भुगतान नहीं किया गया है। ठेकेदार के अनुसार भुगतान लंबित होने के कारण निर्माण कार्य में लगे मजदूरों की मजदूरी का भुगतान भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब शासन की योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, तो संबंधित विभाग द्वारा भुगतान की प्रक्रिया अब तक क्यों पूरी नहीं की गई?

पुराने निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं तो नए कार्यों की स्वीकृति क्यों ?: इस पूरे मामले में सरकारी निर्माण कार्यों की भुगतान व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जब पुराने निर्माण कार्यों का भुगतान ही ठेकेदारों को नहीं हो पा रहा है और मजदूर अपनी मेहनत की मजदूरी के लिए परेशान हैं, तो फिर नए कार्यों को स्वीकृति देने से पहले पुराने कार्यों के भुगतान की स्थिति की समीक्षा क्यों नहीं की जाती?सरकारी योजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना और विकास कार्यों को समय पर पूरा करना भी है। लेकिन जब निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी ठेकेदार को भुगतान नहीं मिलता और मजदूरों की मजदूरी अटक जाती है, तो योजना के क्रियान्वयन और भुगतान व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

अब जिम्मेदार विभाग की कार्रवाई पर टिकी मजदूरों की उम्मीद: दीपावली के ठीक पहले मजदूरों द्वारा एसडीएम के समक्ष अपनी समस्या रखने और एसडीएम द्वारा आरईएस एसडीओ को मौके पर ही निर्देशित किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना होगा कि संबंधित विभाग कब तक ठेकेदार के लंबित भुगतान की प्रक्रिया पूरी करता है और मजदूरों को उनकी मेहनत की कमाई मिल पाती है। अब मजदूरों को उम्मीद है कि एसडीएम के निर्देश के बाद जल्द ही उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान होगा, ताकि मेहनतकश परिवार भी दीपावली का त्योहार सम्मान और खुशियों के साथ मना सकें।

खबर संक्षेप



सहायता समूहों की महिला सदस्यों के उत्पादक समूह का गठन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने एवं उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के उत्पादक समूह का गठन किया गया है। इसी पहल के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद के तहत सिवनी के ब्रह्ड टैग प्राप्त जंबो सीताफल, जो एक मौसमी एवं विशिष्ट कृषि उत्पाद है, की खरीद आजीविका मिशन के माध्यम से गठित उत्पादक समूह द्वारा स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं किसानों से उचित मूल्य पर दिनांक 30.10.2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण की गई।
विनय निगम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य कार्यालय आजीविका मिशन, भोपाल; श्रीमती अंजू अरुण कुमार , कलेक्टर, सिवनी एवं श्रीमती अंजली शाह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में सीताफल के दुबई निर्यात की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

1.206 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन एवं एसडीओपी घंसौर श्रीमती रीना पांडे के नेतृत्व में थाना घंसौर पुलिस को अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है।
घटना दिनांक 29/10/26 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अज्जू उर्फ अजय उर्फ आदित्य यादव अपनी मोटर साइकिल क्र. एमपी 22 एमपी 5429 से अवैध गांजा लेकर बिक्री हेतु घंसौर-मंडला तिराहा समनापुर रोड की ओर जाने वाला है। सूचना पर तत्काल टीम रवाना की गई। हमराह स्टाफ एवं स्वतंत्र गवाहों के साथ घेराबंदी के दौरान उक्त मोटर साइकिल आती दिखी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम आदित्य उर्फ अज्जू उर्फ अजय पिता स्व. जमना प्रसाद यादव, उम्र 32 साल, निवासी पुरानी बस्ती घंसौर बताया।

बंडोल पुलिस की जुआ फड़ पर दबिश - 3 गिरफ्तार, 2 वाहन जप्त, 2 फरार आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। दिनांक 29/10/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रनबेली में श्मशान घाट के पास मारबोडी रोड पर कुछ लोग ताश पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल दो टीमें गठित कर रोड के दोनों तरफ से घेराबंदी कर जुआ फड़ पर दबिश दी गई।
मौके से 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 02 आरोपी पुलिस को देखकर भाग गए। घटनास्थल से 2,530 नगद, 52 ताश पत्ते, जुआ खिलाने में उपयोग हो रहा पीला फट्टा, 01 हीरो एचएफ डिलक्स मोटर साइकिल (चेचिस नं. रूक्चरु।ार क्र 201छ्रुश्य 06143) एवं 01 जुपिटर स्कूटी क्र. एमपी 22 जेटएच 5063 जप्त की गई।

पुण्य की रोशनी से जगमगाएगा कार्तिक, नदी-स्नान से दीपदान तक हर दिन खास, देव जागेंगे, घर-आंगन में विराजेंगी महालक्ष्मी

8 नवंबर को दीपावली, 10 को गोवर्धन पूजा और 24 नवंबर को देव दीपावली के साथ होगा कार्तिक पर्वों का समापन

आस्था की डुबकी, दीपों की चमक और भगवान विष्णु की आराधना हिंदू धर्म में पुण्य और साधना का विशेष संदेश लेकर कार्तिक मास शुरू हो चुका है। मंगलवार से आरंभ हुए इस पवित्र महीने में मंदिरों से लेकर घरों तक पूजा-पाठ की रौनक रहेगी। कहीं ब्रह्म मुहूर्त में नदी-सरोवरों में स्नान होगा, तो कहीं तुलसी चौरे पर दीपक जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। दीपदान, दान-पुण्य और व्रत-उपवास के लिए खास माने जाने वाले इस महीने का समापन 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के साथ होगा।



हरिभूमि न्यूज सिवनी। आस्था की डुबकी, दीपों की चमक और भगवान विष्णु की आराधना हिंदू धर्म में पुण्य और साधना का विशेष संदेश लेकर कार्तिक मास शुरू हो चुका है। मंगलवार से आरंभ हुए इस पवित्र महीने में मंदिरों से लेकर घरों तक पूजा-पाठ की रौनक रहेगी। कहीं ब्रह्म मुहूर्त में नदी-सरोवरों में स्नान होगा, तो कहीं तुलसी चौरे पर दीपक जलाकर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। दीपदान, दान-पुण्य और व्रत-उपवास के लिए खास माने जाने वाले इस महीने का समापन 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के साथ होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चार महीने के चातुर्मास के बाद भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्यों की शुरुआत होती है। कार्तिक मास को भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की आराधना के लिए विशेष फलदायी माना गया है। मान्यता है कि इस दौरान श्रद्धा से किए गए स्नान, दीपदान, जप और दान से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। यही वजह है कि पूरे महीने धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला चलता रहता है।

दीपदान से लेकर तुलसी पूजा तक, हर दिन पुण्य कमाने का अवसर

कार्तिक मास में सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना, मंदिरों में दर्शन करना और जरूरतमंदों को दान देना विशेष महत्व रखता है। पवित्र नदियों और सरोवरों के किनारे दीप जलाने की परंपरा भी इसी महीने से जुड़ी है। घरों में सुबह-शाम तुलसी पूजन और दीप प्रज्वलन किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, आकाशदीप जलाना, भूमि पर शयन करना और ब्रह्मचर्य का पालन करना भी इस माह के प्रमुख धार्मिक नियमों में शामिल हैं। इस दौरान भगवान विष्णु की आराधना के साथ भगवान श्रीकृष्ण और हनुमानजी की पूजा भी की जाती है। हनुमानजी के निमित्त पंचमुखी तेल का दीपक जलाने और पाठ-पूजन का विशेष महत्व बताया गया है। वहीं, प्रतिदिन श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ, अन्नदान और दीपदान करने की परंपरा भी प्रचलित है। मान्यता है कि जरूरतमंदों को अन्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं का दान करने से पुण्य मिलता है और कुबेर की कृपा से धन-समृद्धि बढ़ती है।
त्योहारों की कतार, नवंबर में घर-घर होगा उत्सव
कार्तिक मास में इस बार व्रत और त्योहारों की लंबी श्रृंखला रहेगी। करवा चौथ से शुरू होने वाली उत्सवी रौनक धनतेरस, नरक चतुर्दशी और दीपावली तक पहुंचेगी। इसके बाद गोवर्धन पूजा, भाई दूज और छठ पर्व पर धार्मिक उत्साह दिखाई देगा। महीने के उत्तरार्ध में देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह और देव दीपावली के साथ पूजा-पाठ का विशेष दौर रहेगा।

श्रद्धा के साथ करें ये पांच काम

रोज दीपदान करें -घर, मंदिर या पवित्र जलाशय के किनारे दीपक जलाकर आराधना करें।
तुलसी पूजन न भूलें-सुबह और शाम तुलसी के पास दीपक जलाकर पूजा करें।
स्नान का रखें नियम - सामर्थ्य और सुविधा के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर दिन की शुरुआत करें।
गीता का पाठ करें - प्रतिदिन श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ें और उसके संदेशों को जीवन में अपनाने का प्रयास करें। दान से जोड़ें पुण्य - जरूरतमंदों को अन्न और उपयोगी वस्तुएं दान करें।

कार्तिक मास के प्रमुख व्रत-त्योहार

1 नवंबर-अहोई अष्टमी 5 नवंबर- रमा एकादशी 6 नवंबर- धनतेरस 7 नवंबर -नरक चतुर्दशी 8 नवंबर- दीपावली 9 नवंबर - गोवर्धन पूजा 10 नवंबर -भाई दूज 13 से 16 नवंबर -छठ पूजा 17 नवंबर -गोपाष्टमी 18 नवंबर- आंवला नवमी 20 नवंबर- देवउठनी एकादशी 21 नवंबर -तुलसी विवाह 23 नवंबर - बैकुंठ चतुर्दशी 24 नवंबर - देव दीपावली और कार्तिक स्नान पूर्णिमा

20 नवंबर से फिर गूंजेंगी शहनाइयां

कार्तिक मास में शुक्र ग्रह के उदय और बालत्व दोष की समाप्ति को भी ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार, 30 अक्टूबर को शुक्र उदय हुआ और 2 नवंबर को शुक्र का बालत्व दोष समाप्त होगा। इसके बाद 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के साथ मांगलिक कार्यों का सिलसिला शुरू होगा। विवाह सहित अन्य शुभ आयोजनों की तैयारी कर रहे परिवारों के लिए यह तिथि खास मानी जा रही है।

भावी पीढियों तक ज्ञान पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी-डॉ बिसेन

राज्यपाल ने हरिद्वार में 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने गुरुवार को हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय में 52वें अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में देश एवं विदेश से अनके विद्वान, शोधकर्ता, शिक्षाविद तथा विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान-परम्परा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, समाज में सद्भाव और मानव कल्याण की भावना को मजबूत करना भी है।
राज्यपाल ने कहा कि प्राच्यविद्या का अध्ययन केवल अतीत को जानने तक सीमित नहीं है। यह भारतीय सभ्यता के विकास, विभिन्न विचारधाराओं के संवाद और मानव समाज के बौद्धिक इतिहास को समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होनें कहा कि वेद, उपनिषद्, रामायण, महाभारत और भारतीय दर्शन के ग्रंथों में जीवन, नैतिकता, कर्तव्य और सामाजिक समरसता से जुड़े महत्वपूर्ण विचार मिलते हैं।
राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन ज्ञान-परम्परा और भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन को महत्व दिया जा रहा है। 'विकास भी, विरासत भी' का विचार आधुनिक प्रगति और सांस्कृतिक जड़ों के बीच समन्वय को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी भारतीय ज्ञान-परम्परा, मातृभाषाओं, बहुविषयक शिक्षा और अनुसंधान को महत्व दिया गया है।
राज्यपाल ने कहा कि ज्ञान भारतम् मिशन के माध्यम से प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, संरक्षण और अंकीयकरण की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इन पांडुलिपियों में भारत की सभ्यता और बौद्धिक उपलब्धियों का अमूल्य भंडार है। इनके संरक्षण के साथ भावी पीढियों तक ज्ञान पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।
राज्यपाल ने कहा कि युवा शोधार्थियों को प्राचीन ग्रंथों के मूल पाठ, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और दार्शनिक विचारों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शोध में स्रोतों की प्रामाणिकता, निष्कर्षों की पारदर्शिता और बौद्धिक ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का लोकार्पण भी किया।
राज्यपाल ने कहा कि हमारी प्राचीन परम्परा में ज्ञान को लोककल्याण से जोडने की भावना रही है। सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः'' का मंगलभाव हमें स्मरण कराता है कि ज्ञान का सर्वोच्च उद्देश्य सम्पूर्ण मानवता के सुख, स्वास्थ्य और कल्याण में योगदान देना है। आज जब विश्व अनेक सामाजिक, पर्यावरणीय और नैतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भारतीय ज्ञान-परम्परा में निहित संतुलन, सह-अस्तित्व और समग्र दृष्टि पर इस प्रकार के विमर्श उपयोगी हो सकते हैं।
इस सम्मेलन में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव, कुलपति आचार्य बालकृष्ण जी, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी सहित भारतीय विद्वत परिषद्, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, विद्वान, आचार्य, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एनएच-44 पर भीषण सड़क हादसा: ट्राले की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग दंपति की दर्दनाक मौत

बंजारी माता मंदिर के पीछे पुलिया पर हुआ हादसा, दुर्घटना के बाद फरार ट्राला चालक को छपारा पुलिस ने बरगी में पकड़ा





छपारा। नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के फोरलेन मार्ग पर बंजारी माता मंदिर के पीछे स्थित पुलिया पर शुक्रवार 30 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे भीषण सडक़ हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्राले ने पीछे से मिनी मोपेड बाइक सवार बुजुर्ग दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में दोनों के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार छपारा नगर के लालमाटी निवासी नरेंद्र यादव के पिता अनखलाल यादव (70 वर्ष) एवं माता अनूपा यादव (64 वर्ष) मिनी मोपेड से छपारा से गणेशगंज क्षेत्र के ग्राम देवरी के डहारिया गांव जा रहे थे। इसी दौरान बंजारी माता मंदिर के पीछे पुलिया पर पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्राले ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की सूचना मिलते ही छपारा एवं लखनादौन की एफआरवी-112 टीम तथा छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा की मर्चुरी पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।
इधर, दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए ट्राले की तलाश में छपारा पुलिस ने पीछा करते हुए बरगी में वाहन को चालक सहित पकड़ लिया। घटना के बाद स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। परिवार के दो वरिष्ठ सदस्यों को एक साथ खोने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। फिलहाल छपारा पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच एवं वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया करवा चौथ का पर्व



सिवनी नगर में सुहाग की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना का पावन पर्व करवा चौथ पूरे क्षेत्र में बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और पारंपारिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। दिनभर निर्जला व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने शाम को सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनी।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने मेजर ध्यानचंद वार्ड सिवनी में भ्रमण कर सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



नगरीय क्षेत्र के मेजर ध्यानचंद वार्ड क्रमांक 10 में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा वार्ड पार्षद सुहेल पाशा, सीएमओ सुश्री दिशा डेहरिया सहित निकाय के अधिकारियों के साथ वार्ड में भ्रमण कर वार्ड के नागरिको की समस्याओं को सुना एवं उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश निकाय की संबंधित शाखा प्रभारी को दिये गये। विदित होवे कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मान. डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशन में समूचे मध्यप्रदेश में यह अभियान संचालित है शासन आदेश के परिपालन में नगरपालिका सिवनी में इस अभियान को चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनकल्याण अंतर्गत क्षेत्रों में भ्रमण कर निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाना है। सीएम हेल्पलाईन, जनसुनवाई जन आवेदन में प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करना है।
भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा वार्ड में स्वच्छता के लिये जनजागरूकता अभियान चलाया गया एवं वार्ड के नागरिको को खुले स्थानों, खाली प्लाटों एवं नालियो में कचरा न फेकने, गंदगी न करने की समझाईश दी गई तथा पाम्पलेट वितरित किये गये। इस अवसर पर नगर पालिका सहायक यंत्री श्रीमति देवेश्वरी धुर्वे, राजस्व निरीक्षक गजेन्द्र पाण्डे, उपयंत्री सुरेन्द्र राहंगडाले, विकास मेहरा, ऋषिकेश शर्मा, श्रीमति रोजिया डोंगरे, जोतेश मंडाले, सहित निकाय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पत्रकार सुरक्षा कानून के लिए एक दिसंबर को सभी जिला इकाईया देगीं धरना

पत्रकार सुरक्षित होगा तो समाज सुरक्षित होगा, पत्रकार सुरक्षा कानून बेहद जरूरी -पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

सोनखार (प्रदीप तिवारी/)। माँ पीतांबरा की पवित्र भूमि दतिया में बुधवार को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की छठवीं प्रदेश कार्यसमिति बैठक एवं प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया की अध्यक्षता एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर दतिया विधायक घनश्याम सिंह, पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, रतनगढ़ धाम के महंत पं. राजेश कटारे विशेष रूप से उपस्थित रहे।
सम्मेलन को संबोधित करते हुए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकार सुरक्षा कानून का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि संत विचारक होता है और पत्रकार प्रचारक होता है। मिमियाने वाला बकरा और समाज को जगाने वाला मुर्गा सबसे ज्यादा काटा जाता है, क्योंकि लोगों को जागना पसंद नहीं है। यदि पत्रकारों में एकता होगी तो पूरा सिस्टम ठीक रहेगा। पत्रकारों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वे समाज को जगाने का काम करते हैं। पत्रकार सुरक्षित होगा तो पूरा समाज सुरक्षित होगा। उन्होंने घोषणा की कि संघ की अगली बैठक फरवरी माह में बागेश्वर धाम में आयोजित की जाए।

पत्रकार सुरक्षा कानून की रणनीति पर फोकस

सममेलन का मुख्य फोकस पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने की रणनीति पर रहा। संघ के प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया ने ऐलान किया कि दिसंबर माह से प्रदेश की प्रत्येक जिला इकाई अपने-अपने जिले में धरना-प्रदर्शन करेगी और सांसद-विधायकों को ज्ञापन सौंपेगी। इसके पहले प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल ने संगठन की उपलब्धियों को रेखांकित कर



प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने में किए जा रहे विलंब पर चिंता जताई और रणनीति बनाकर आंदोलन पर जोर दिया। पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर छतरपुर जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह सेंगर, शाजापुर जिलाध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, उमरिया जिलाध्यक्ष चंद्रकांत दुबे, अशोकनगर जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा और प्रदेश सचिव मेहदी हसन ने भी जोरदार वकालत की। पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के कडक़ मिजाज पर शायराना अंदाज में कहा कि गाली हुजूर की लगती है दुआओं जैसी। उन्होंने कहा कि जब वे 36 साल पहले विधायक बनकर भोपाल पहुंचे थे तब शलभ भदौरिया के लेखन के चर्चे आम थे। विधायक घनश्याम सिंह ने कहा कि जहां तमाम संस्थाएं अपने काम में सफल नहीं हो पातीं, वहां लोकतंत्र को बचाए रखने में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है।
सम्मेलन में कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने कहा कि जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और पत्रकार साथ-साथ चलते हैं तभी जिला विकास करता है। पत्रकारों के काम करने की कोई समय सीमा नहीं होती, जबकि प्रशासन की समय सीमा होती है। पत्रकारों को कवरेज में बहुत समस्याएं आती हैं, बहुत सारी ऐसी घटनाएं होती हैं, इसलिए एक साथ काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन पत्रकारों की समस्या का समाधान करता है तो प्रशासन अच्छे से चलता है। अनुभवी पत्रकार व्यक्ति विशेष की नहीं बल्कि समस्या उठाता है, इसलिए व्यक्ति विशेष के बजाय सार्वजनिक समस्या उठाएं। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि प्रशासन को अच्छा काम करने में पत्रकारों का बहुत सहयोग रहता है। सम्मेलन में प्रदेश महासचिव सुनील त्रिपाठी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। कार्यक्रम का संचालन शासन संगठन समन्वय समिति के संयोजक रिजवान अहमद सिद्दीकी ने किया।
स्वागत उद्बोधन आयोजन समिति के संयोजक मनोज गोस्वामी और जिला इकाई अध्यक्ष नितेंद्र गोस्वामी ने दिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार दुबे, प्रवीण मिश्रा, मनोज द्विवेदी, दिलीप सिंह भदौरिया, राजेन्द्र राठौर, सदस्यता अभियान समिति के संयोजक सरल भदौरिया, अनुशासन समिति के संयोजक प्रहलाद भदौरिया, संगठन प्रभारी मो अली, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक अनिता चौबे, सह संयोजक नवनीत काबरा, अनिल त्रिपाठी ,सिवनी जिला से संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन जिला।अध्यक्ष कृष्ण नंदन श्रीवात्री ,जिला महासचिव,कन्हैया प्रजापति , उपाध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी,नरेश सोनी जिला उपाध्यक्ष, आशीष गुप्ता सदस्य विनोद दुबे,सदस्य,प्रदीप तिवारी सहित प्रदेशभर के श्रमजीवी साथी मौजूद थे।

रिहायशी क्षेत्र में अवैध रूप से भंडारित 2.50 लाख के पटाखे एवं 22 बोरियों में भरे सुतली बम जप्त

दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत अवैध पटाखों के भंडारण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं सीएसपी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 29/10/2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम भैरोगंज क्षेत्र में भ्रमण पर थी, तभी विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नहर रोड, भैरोगंज स्थित हेडाउ के मकान में गुलशन वरयानी निवासी सुभाष वार्ड द्वारा दीपावली पर ऊंचे दामों पर बेचने के उद्देश्य से बड़ी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। सामग्री रिहायशी क्षेत्र में बिना सुरक्षा व्यवस्था के रखी होने से जन-धन हानि की गंभीर आशंका थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मकान के दो कमरों में रखे कार्टूनों की तलाशी लेने पर विभिन्न ब्रांड के पटाखे, आतिशबाजी सामग्री एवं 22 बोरियों में भरे सुतली बम बरामद हुए।
आरोपी गुलशन वरयानी पिता सच्चानंद वरयानी, उम्र 26 वर्ष, निवासी



सुभाष वार्ड, सिवनी से वैध अनुज्ञप्ति मांगे जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।
मौके से लगभग 2,50,000 कीमत की आतिशबाजी सामग्री जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 288 बीएनएस एवं धारा 9(बी) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।
जप्त मशरूका - विभिन्न ब्रांड के पटाखे एवं 22 बोरियों में भरे सुतली बम - कुल कीमती 2,50,000।
सराहनीय भूमिका - सीएसपी श्री चंचलेश मरकाम, थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि सतेंद्र उपाध्याय, उनि नीरज दुबे, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रआर मनोज पाल, प्रआर मुकेश गोडाने, आर कपिल कटरे, आर गंगाप्रसाद राहंगडाले, आर मिथलेश उइके, आर प्रतीक बघेल।

जिले के करीब 2500 किसान पंजीयन से रह गए थे वंचित

धान पंजीयन से छूटे किसान 4 नवंबर तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए पंजीयन से वंचित रह गए किसानों को शासन ने एक और अवसर दिया है। शासन द्वारा धान उपार्जन पंजीयन पोर्टल को 4 नवंबर 2026 तक खुला रखने की अनुमति प्रदान की गई है। इससे जिले के वे किसान निर्धारित अवधि में अपना पंजीयन करा सकेंगे, जो पूर्व में पंजीयन नहीं करा पाए थे।

समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि पहले 10 अक्टूबर निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में जिले के लगभग 2500 किसान पंजीयन से शेष रह गए थे। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन की अवधि बढ़ाई गई है। जिले के ऐसे किसान, जो समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए अब तक अपना पंजीयन नहीं करा पाए हैं, वे 4 नवंबर 2026 तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए किसानों के पास एग्रीस्टैक आईडी होना अनिवार्य है। किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

भटेरा ओवरब्रिज के पास ट्रक फंसने से लगा जाम, राहगीर परेशान

वैकल्पिक मार्ग शुरू नहीं होने से बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में भटेरा ओवरब्रिज के पास शुक्रवार को एक मालवाहक ट्रक फंस गया। इससे सड़क पर जाम लगा। वैकल्पिक रास्ता नहीं होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई।

यह बालाघाट-नैनपुर मार्ग है। यहां से मालवाहक वाहन गुजरते हैं और स्थानीय लोगों के साथ आसपास के गांवों के लोग भी इसी रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। ओवरब्रिज निर्माण के चलते सड़क पर जगह कम है। भारी, हल्के और छोटे वाहन एक ही रास्ते से गुजरते हैं, जिससे जाम लगता है।

प्रशासन का कहना है कि वैकल्पिक रास्ते जल्द शुरू किए जाएंगे। ओवरब्रिज निर्माण एजेंसी के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया ने कहा कि यातायात का रास्ता नहीं बदलने से काम में देरी हो रही है। उन्होंने हादसे की आशंका भी जताई।

भटेरा मार्ग पर बनाए गए अस्थायी बस स्टैंड पर टीनशेड है, लेकिन बिजली, पानी और सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। प्रशासन के मुताबिक, बालाघाट-लामता और नैनपुर मार्ग पर रोज 22 से 24 बसें चलती हैं। इनसे करीब 800 से 900 यात्री सफर करते हैं।

भटेरा मार्ग पर 38 करोड़ रुपए की लागत से ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। इसे अक्टूबर 2026 तक पूरा करना है। रेलवे लाइन पर बनने वाले ब्रिज को छोड़कर, राज्य सरकार की सेतु एजेंसी को 1,313 मीटर लंबे और करीब 8.4 मीटर चौड़े ओवरब्रिज के लिए 42 पिलर बनाने हैं।

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि भटेरा ओवरब्रिज निर्माण के चलते आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार हो गया है। एक-दो दिनों में हम वैकल्पिक मार्ग के आदेश जारी कर देंगे।

महिला सुरक्षा एवं बाल अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बेटियों को बताए सुरक्षा के अधिकार, संकट में मदद के लिए हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, बाल अधिकारों के संरक्षण और लैंगिक हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्यार्थियों को महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों और सहायता सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैहर की छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर बैहर का भ्रमण कराया गया।कलेक्टर श्री आदित्य सिंह एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेंद्र सुंद्रियाल के मार्गदर्शन तथा वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक रचना चौधरी के नेतृत्व में विकासखंड बिरसा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडई में ग्रामीण विकास मंडल संस्था के सहयोग से राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर द्वारा संचालित योजनाओं और महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी गई।वन स्टॉप सेंटर बैहर के भ्रमण के दौरान छात्राओं को केंद्र की कार्यप्रणाली, उपलब्ध सुविधाओं तथा संकट की स्थिति में महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें जानकारी दी गई कि हिंसा, उत्पीड़न अथवा असुरक्षा की स्थिति में सहायता केंद्रों के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

महिला एवं बाल सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सहित महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी अनुचित परिस्थिति में उचित सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।

आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों से कराया अवगत

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि हिंसा, उत्पीड़न या किसी भी प्रकार की असुरक्षा की स्थिति में बिना भय के संबंधित हेल्पलाइन अथवा सहायता केंद्र से संपर्क कर मदद प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला सुरक्षा, बाल अधिकारों और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में महिलाओं एवं बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

जामरापानी में नल-जल योजना का ग्राम पंचायत को हस्तांतरण,जल अर्पण दिवस पर निकाली कलश यात्रा



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में 30 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में जल अर्पण दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया।

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकासखंड कटंगी की ग्राम पंचायत चाकाहेटी के ग्राम जामरापानी में नवनिर्मित नल-जल योजना का विधिवत हस्तांतरण ग्राम पंचायत को किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के मार्गदर्शन में 30 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में जल अर्पण दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों की सहभागिता से कलश यात्रा, जल पूजन, पानी की गुणवत्ता जांच और जल संरक्षण संबंधी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं।योजना के हस्तांतरण के दौरान ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सरपंच देवेंद्र मरकवाड़े एवं सचिव डगेंद्र डहवाल सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने योजना के संचालन और संधारण की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री नंदकिशोर बंसोड़, उपयंत्री विनोद कुमरे, अजय भरतकर एवं राजीव लोचन ब्राह्मणकर उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक समन्वयक मोहिनी पटले, केमिस्ट मीना राहांगडाले, पी.एम.यू. समन्वयक शीतल मिश्रा एवं हरीश कुमार झा ने भी सहभागिता की।जल अर्पण दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक रूप से जल कलश यात्रा निकाली। इसके बाद पेयजल स्त्रोतों का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान जल चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को नल-जल योजना के बेहतर संचालन, जल कर का नियमित भुगतान करने, पानी की बर्बादी रोकने और जल संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि योजना के हस्तांतरण के बाद अब ग्राम पंचायत चाकाहेटी सरपंच देवेंद्र मरकवाड़े के नेतृत्व में नल-जल योजना का संचालन एवं संधारण करेगी। पंचायत की जिम्मेदारी होगी कि ग्राम जामरापानी के प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो। योजना के हस्तांतरण पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कृषि विज्ञान केंद्र में पीएम किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त का वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित

बालाघाट। कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव में 30 अक्टूबर 2026 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम का वर्चुअल प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में 51 से अधिक किसान तथा बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के 29 रावे छात्र-छात्राएं शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के बनासकांठा से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,690 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.आर. धुवारे ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये तीन किस्तों में सीधे बैंक खातों में दिए जाते हैं। इससे किसानों को बीज, खाद एवं अन्य कृषि आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक सहायता मिलती है।

केरझरी, मुंडा और तुम्मा में ग्रामीणों से किया संवाद, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक शालाओं का किया निरीक्षण

नक्सल प्रभावित गांवों में विकास कार्यों को गति देने कलेक्टर ने किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नक्सलवाद के खात्मे के बाद जिले के पूर्व नक्सल प्रभावित गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इन गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, अधोसंरचना विकास और रोजगारमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर आदित्य सिंह लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में 30 अक्टूबर को उन्होंने बिरसा विकासखंड की ग्राम पंचायत दड़ेकसा के ग्राम केरझरी, मुंडा और तुम्मा पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानीं।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने तीनों गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक शालाओं का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ते और भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए उन्होंने स्वयं भोजन चखकर देखा। केरझरी में बच्चों के लिए नमकीन उपमा तथा तुम्मा में रोटी और आलू की सब्जी तैयार की गई थी। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण, पोषण और कुपोषण की स्थिति की भी जानकारी ली।

निरीक्षण में बताया गया कि केरझरी के आंगनबाड़ी केंद्र में एसएएम श्रेणी का कोई बच्चा नहीं है, जबकि एमएएम श्रेणी का एक बच्चा उपचाररत है। मुंडा में एसएएम श्रेणी का कोई बच्चा नहीं है, जबकि एमएएम श्रेणी के तीन बच्चों का उपचार किया जा रहा है। तुम्मा में दोनों श्रेणियों में कोई बच्चा नहीं है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को सुबह नाश्ता और दोपहर में भोजन दिया जा रहा है। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक शालाओं में भोजन तैयार करने वाले स्व-सहायता समूहों को गैस चूल्हे पर ही भोजन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के सीएचओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

ग्राम केरझरी में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कलेक्टर ने पेयजल, बिजली, कृषि और रोजगार की स्थिति जानी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में हैंडपंप से पेयजल मिल रहा है और बिजली की सुविधा भी उपलब्ध है। इस वर्ष धान की फसल बीमारी से प्रभावित हुई है। रोजगार के लिए गांव के युवा हैदराबाद, बेंगलुरु और नागपुर जैसे शहरों में जाते हैं। इस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों को फसल बीमा कराने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा 330 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलेगी।

ग्रामीणों ने केरझरी से लांजी सड़क का निर्माण प्राथमिकता से कराने की मांग की। कलेक्टर ने बताया कि सड़क की स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने जनपद पंचायत के सीईओ को पात्र हितग्राहियों के नाम पेंशन योजनाओं में जोड़ने के लिए केरझरी में शीघ्र शिविर लगाने के निर्देश भी दिए।

ग्राम मुंडा में ग्रामीणों ने बिजली के कम वोल्टेज की समस्या बताई। इस पर कलेक्टर ने बस्ती विकास निगम की योजना के अंतर्गत ट्रांसफार्मर लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक शाला भवन में बाउंड्रीवाल और किचन शेड निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा निर्मित सभामंच की बाउंड्रीवाल बनाने तथा डाबरी में बालिकाओं के लिए कक्षा 12वीं तक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी रखी। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बताई गई आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को गांव की नल-जल योजना में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

जिले में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

बालाघाट। 01 नवम्बर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह जिला मुख्यालय बालाघाट में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में आयोजित किया जाएगा जिसमें बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगी। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही उद्यम व्यवसाय व स्वरोजगार पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी शासकीय कार्यालय रोशनी से सुसज्जित रहेंगे। जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अमले के साथ प्रातः 10:30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उद्योगपति, समाजसेवी, धर्मगुरू, उद्यम क्षेत्र में स्टार्टअप करने वाले उद्यमी, अशासकीय संस्था, मीडिया प्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाओं, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों को आमंत्रित किया गया।

शरद पूर्णिमा पर मां अंजनी पुत्र सेवा दल की भजन संध्या, महाकाल के जयकारों से गूंजा स्टेडियम

किशन भगत और रुद्रकांत ठाकुर के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शरद पूर्णिमा पर मां अंजनी पुत्र सेवा दल द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक किशन भगत और रुद्रकांत ठाकुर की प्रस्तुतियों पर हजारों श्रद्धालु झूम उठे। महाकाल के भजनों और हर-हर महादेव, जय श्री महाकाल के जयकारों से देर रात तक स्टेडियम गूंजता रहा। उज्जैन के प्रसिद्ध गायक किशन भगत ने एक लोटा जल, महाकाल, महाकाल की नगरी और महाकाल की गुलामी मेरे काम आ रही है जैसे भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं रुद्रकांत ठाकुर ने भी अपने भजनों से श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। समिति ने दोनों कलाकारों का स्वागत कर गायक किशन भगत को हनुमान लला का छायाचित्र भेंट किया। मां अंजनी पुत्र सेवा दल द्वारा भजन संध्या का यह तीसरा वर्ष रहा। पहले वर्ष जसराज जी महाराज और दूसरे वर्ष अनुष्का-अधिष्ठा बहनों की प्रस्तुतियां हुई थीं। वहीं वर्ष 2023 से विजयादशमी पर भगवान हनुमान जी के स्वरूप की शोभा यात्रा निकालने की परंपरा भी जारी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल की पहल और मार्गदर्शन में शुरू हुई इन गतिविधियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

कार्रवाई से मचा हड़कंप, बंडोल से आने वाले डंपरों के खिड़कीघाट में थमे पहिए

बिना टीपी गिट्टी परिवहन कर रहा डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तहसील क्षेत्र में अवैध गिट्टी परिवहन पर खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर आदित्य सिंह और जिला खनिज अधिकारी फरहत जहां के निर्देशन पर खनिज निरीक्षक की टीम ने ग्राम घुनाड़ी से बिना टीपी के गिट्टी का परिवहन कर रहे एक डंपर को जप्त किया है। जप्त वाहन को पुलिस अभिरक्षा में कटंगी थाने में रखा गया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई शुक्रवार की दोपहर करीब 3 बजे के आसपास की गई। खनिज निरीक्षक ने बताया कि डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 0683 को जांच के दौरान रोका गया। चालक से रायल्टी और टीपी के दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इस पर विभाग ने नियमानुसार डंपर को जब्त कर कटंगी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। खनिज विभाग की इस कार्रवाई के बाद अवैध परिवहन करने वाले डंपर मालिकों में हड़कंप मच गया। सूत्रों की मानें तो बंडोल की तरफ से बिना रायल्टी के गिट्टी लेकर आ रहे कई अन्य डंपरों ने कार्रवाई की भनक लगते ही सिवनी रोड पर खिड़कीघाट के पास ही अपने पहिए थाम लिए। डर के मारे कई डंपर मालिकों ने अपने वाहनों को कटंगी थाना सीमा क्षेत्र में प्रवेश ही नहीं करने दिया। गौरतलब है कि कटंगी क्षेत्र में बड़ी संख्या में बंडोल क्षेत्र से बिना रायल्टी की गिट्टी लाई जाती है। बंडोल में कई क्रेशर संचालित हैं, जहां से गिट्टी निकालकर कटंगी, तिरोड़ी और आसपास के निर्माण कार्यों में खपाई जाती है। बिना रायल्टी परिवहन से शासन को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। इस अवैध कारोबार की जानकारी खनिज विभाग के अफसरों को भी है, लेकिन विभाग द्वारा कभी-कभार ही कार्रवाई की जाती है, जिसके चलते शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई को भी स्थानीय लोग महज औपचारिकता के तौर पर देख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना रायल्टी के अलावा ये डंपर क्षमता से कई गुना अधिक ओवरलोड होकर तेज रफ्तार से दौड़ते हैं। इन डंपरों से राहगीरों, स्कूली बच्चों और रहवासियों में हमेशा हादसे का डर बना रहता है। ओवरलोड डंपरों के कारण सड़कें भी तेजी से खराब हो रही हैं। हादसों की इन्हीं संभावनाओं को देखते हुए विगत दिवस कटंगी के जागरूक नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अवैध और ओवरलोड गिट्टी परिवहन पर सख्त कार्रवाई की मांग की थी।